# वीयू– मत्स्य पालकों को दिया मत्स्य पालन हेतु उपयुक्त जल व मृदा पर प्रशिक्षण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत दिनांक 21 मार्च 2025 को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, वि.वि. निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. सुनील नायक के संचालन तथा अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन संयोजन व नेतृत्व में किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्राम सिलुआ जबलपुर में महाविद्यालय की विभिन्न विस्तार सेवाओं के अंतर्गत मत्स्य पालन हेतु मृदा एवं जल परीक्षण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया, प्रक्षिषण के दौरान डॉ. सोना दुबे ने मछली पालन हेतु मिट्टी एवं जल की गुणवत्त, ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण परीक्षण के तरीके, सावधानिया तथा प्रयोगिक तालाब के पानी का परिक्षण कर समझाया, मत्स्य पालन हेतु उपर्युक्त पानी के मापदंडों में रासायनिक, जैविक, एवं भौतिकी स्तर पर बताए गए। साथ ही उपयुक्त मछली पालन हेतु जल की गुणवत्ता के प्रबंधन हेतु भी जानकारी साझा की। इसी विषय पर तैयार पम्पलेट का विमोचन भी किया और उसका वितरण उपस्थित 40 मत्स्य पालकों को किया गया। कार्यक्रम में सरपंच महोदया श्रीमती सौहाद्राबाई बेन सरपंच महोदय, सहायक सचिव श्री धनंजय शर्मा एवं करण पंडा सहित ग्राम वासियों को कौशल एवं प्रशिक्षण माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त सशक्त एवं संबल बनाने के लिए प्रेरित किया।






इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सोना दुबे द्वारा किया गया इस दौरान प्रियंका गौतम, अनिल केवट, सोनल चौरसिया एवं शैलेन्द्र दहिया सराहनीय योगदान रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर